Title: Need for early construction of a by-pass at Etawa, U.P.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): मैं आपका ध्यान इटावा जनपद की ओर ले जाना चाहता हूं। इटावा जनपद का बाई पास कई वर्षों पहले स्वीकृत हो चुका है लेकिन अभी तक उसका कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, जबकि शहर के अंदर आये दिन जाम 10 से 18 घंटे तक लगा रहता है और आये दिन दुर्घटना होती रहती है। जाम के कारण कई बार मरीज की रास्ते में ही मृत्यु हो जाती है। अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इटावा बाई पास को अविलम्ब बनवाया जाये जिससे जनता को राहत मिल सके।